Official Periodical of Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi
श्री साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था, शिर्डी की अधिकृत पत्रिका

SHRI SAI LEELA श्री साई लीला

* Year 20 * Issue 6 * November-December 2020 * ₹ 15/-
* वर्ष २० * अंक ६ * नवम्बर-दिसम्बर २०२० * ₹ १५/-

Wish You A Happy & Prosperous NEW Year 2021

January

SU	31	3	10	17	24
MO		4	11	18	25
TU		5	12	19	26
WE		6	13	20	27
TH		7	14	21	28
FR	1	8	15	22	29
SA	2	9	16	23	30

February

SU		7	14	21	28
MO	1	8	15	22	
TU	2	9	16	23	
WE	3	10	17	24	
TH	4	11	18	25	
FR	5	12	19	26	
SA	6	13	20	27	

March

SU		7	14	21	28
MO	1	8	15	22	29
TU	2	9	16	23	30
WE	3	10	17	24	31
TH	4	11	18	25	
FR	5	12	19	26	
SA	6	13	20	27	

April

SU		4	11	18	25
MO		5	12	19	26
TU		6	13	20	27
WE		7	14	21	28
TH	1	8	15	22	29
FR	2	9	16	23	30
SA	3	10	17	24	

SHREE SAIBABA SANSTHAN TRUST, SHIRDI

Hon'ble Members of Ad-hoc Committee

Sri Srikant Anekar (Chairman)
Principal District & Sessions Judge, Ahmednagar

Sri Kanhuraj Bagate (I.A.S.)
Chief Executive Officer

Sri Bhanudas Palave
Additional Revenue Divisional Commissioner, Nashik

Smt. Geeta Pravin Bankar
Asstt. Charity Commissioner, Ahmednagar

Internet Edition - URL:http://www.shrisaibabasansthan.org

श्री साईं लीला

वर्ष २०   अंक ६

सम्पादक : मुख्य कार्यकारी अधिकारी
कार्यकारी सम्पादक : भगवान दातार

SHRI SAI LEELA

Year 20   Issue 6

Editor : Chief Executive Officer
Executive Editor : Bhagwan Datar

अंतरंग

- श्री नारदपुराण में वर्णित पावन श्री दत्तात्रेय स्तोत्र : प्रस्तुति डॉ. सुबोध अग्रवाल ... ४
- श्री साईं बाबा संस्थान में दत्त जयंती उत्सव ... ९
- How Shirdi Sai Baba Transformed Dasganu Maharaj Into Narad Muni... : Dr. Subodh Agarwal ... 10
- शिर्डी साईं बाबा – श्री साईंनाथ नाम क्यों ? : सुरेश चन्द्र ... १४
- औदुंबर तले दत्तगुरु के दर्शन हुए! : श्रीमती मयूरी महेश कदम हिंदी अनुवाद श्रीमती अरुणा वि. नायक ... १७
- Shirdi News ... 21

● Cover & inside pages designed by Don Bosco and Prakash Samant (Mumbai) ● **Computerised Typesetting:** Computer Section, Mumbai Office, Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi ● **Office :** 'Sai Niketan', 804-B, Dr. Ambedkar Road, Dadar, Mumbai - 400 014. Tel. : (022) 24166556 Fax : (022) 24150798 E-mail : saidadar@sai.org.in ● **Shirdi Office :** At Post Shirdi - 423 109, Tal. Rahata, Dist. Ahmednagar. Tel. : (02423) 258500 Fax : (02423) 258770 E-mail : 1. saibaba@shrisaibabasansthan.org 2. saibaba@sai.org.in ● **Annual Subscription : Rs. 125/-** ● **Subscription for Life : Rs. 2,500/-** ● **Annual Subscription for Foreign Subscribers : Rs. 1,000/-** (All the Subscriptions are Inclusive of Postage) ● **General Issue : Rs. 15/-** ● **Shri Sai *Punyatithi* Annual Special Issue : Rs. 25/-** ● Published and printed by the Chief Executive Officer, on behalf of Shree Saibaba Sansthan Trust, Shirdi at Sai Niketan, 804-B, Dr. Ambedkar Road, Dadar, Mumbai - 400 014 and at the Hira Print Solutions Pvt. Ltd., A-313, T.T.C. Industrial Area, Mahape, Navi Mumbai - 400 710 respectively. The Editor does not accept responsibility for the views expressed in the articles published. All objections, disputes, differences, claims and proceedings are subject to Mumbai jurisdiction.

श्री नारद पुराण में वर्णित
पावन श्री दत्तात्रेय स्तोत्र

अस्य श्रीदत्तात्रेयस्तोत्र –

जटाधरं पांडुरांगं शूलहस्तं कृपानिधिम्।
सर्वरोगहरं देवं दत्तात्रेयमहं भजे।।१।।

(पीले वर्ण की आकृति वाले, जटा धारण किये हुए, हाथ में शूल लिये हुए, कृपा के सागर तथा सभी रोगों का शमन करने वाले देवस्वरूप दत्तात्रेय जी का मैं आश्रय लेता हूँ।)

With matted locks, Panduranga (Krishna/Vishnu), holding trident, the ocean of mercy and the divine remover of all maladies. I worship Dattatreya.

अस्य श्री दत्तात्रेयस्तोत्रमंत्रस्य
भगवान् नारदऋषिः।
अनुष्टुप् छन्दः।
श्रीदत्तपरमात्मा देवता।
श्रीदत्तप्रीत्यर्थे जपे विनियोगः।।

(इस दत्तात्रेयस्तोत्ररूपी मन्त्र के ऋषिः भगवान् नारद हैं, छन्दः अनुष्टुप है और परमेश्वर–स्वरूप दत्तात्रेय जी इसके देवता हैं, श्री दत्तात्रेय जी की प्रसन्नता के लिए पाठ में विनियोग किया जाता है।)

For the *mantras* of this Dattatreya *Stotram*:
Bhagavan Narad is the sage;
anushtup (four lines of eight syllables) is the meter;
Srri Datta, the Supreme Self, is the Deity;
it is recited in order to please Shri Datta.

जगदुत्पत्तिकर्त्रे च स्थितिसंहार हेतवे।
भवपाशविमुक्ताय दत्तात्रेय नमोऽस्तुते।।१।।

(संसार के बन्धन से सर्वथा विमुक्त तथा संसार की उत्पत्ति, पालन और संहार के मूल कारण–स्वरूप दत्तात्रेय जी, आपको मेरा नमस्कार है।)

The origin of the universe, You are its cause, preservation and destruction, and completely free from bondage to the world — Dattatreya, we bow to You.

जराजन्मविनाशाय देहशुद्धिकराय च।
दिगम्बरदयामूर्ते दत्तात्रेय नमोऽस्तुते।।२।।

(जरा और जन्म–मृत्यु के चक्र से मुक्त कराने वाले, देह को बाहर–भीतर से शुद्ध करने वाले स्वयं दिगम्बर–स्वरूप, दया के मूर्तिमान विग्रह दत्तात्रेय जी, आपको मेरा नमस्कार है।)

The destroyer of old age and birth, Your body is pure,
naked (sky-clad), the image of compassion — Dattatreya, we bow to You.

कर्पूरकान्तिदेहाय ब्रह्मूर्तिधराय च।
वेदशास्त्रपरिज्ञाय दत्तात्रेय नमोऽस्तुते।।३।।

(कर्पूर की कांति के समान गौर शरीर वाले, ब्रह्मा जी की मूर्ति को धारण करने वाले और वेद–शास्त्र का पूर्ण ज्ञान रखने वाले दत्तात्रेय जी, आपको मेरा नमस्कार है।)

Your body is radiant like camphor, the manifested image of *Brahman*;
You are the knower of the *vedic* scriptures — Dattatreya, we bow to You.

ह्रस्वदीर्घकृशस्थूल–नामगोत्र–विवर्जित।
पंचभूतैकदीप्ताय दत्तात्रेय नमोऽस्तुते।।४।।

(कभी छोटे क़द वाले, कभी लम्बे, कभी स्थूल और कभी दुबले–पतले शरीर धारण करने वाले, नाम–गोत्र से विवर्जित, केवल पंचमहाभूतों से युक्त दीप्तिमान शरीर धारण करने वाले दत्तात्रेय जी, आपको मेरा नमस्कार है।)

You are beyond (designations such as) short, tall, thin, fat, name and lineage.
You set ablaze the five elements — Dattatreya, we bow to You.

यज्ञभोक्ते च यज्ञाय यज्ञरूपधराय च।
यज्ञप्रियाय सिद्धाय दत्तात्रेय नमोऽस्तुते।।५।।

(यज्ञ के भोक्ता, यज्ञ–विग्रह और यज्ञ–स्वरूप को धारण करने वाले, यज्ञ से प्रसन्न होने वाले, सिद्धरूप दत्तात्रेय जी, आपको मेरा नमस्कार है।)

You are the enjoyer of sacrifice and the sacrifice itself, the form of sacrifice,
the lover of sacrifice, and the perfected sage — Dattatreya, we bow to You.

आदौ ब्रह्मा मध्य विष्णुरंते देवः सदाशिवः।
मूर्तित्रयस्वरूपाय दत्तात्रेय नमोऽस्तुते।।६।।

(सर्वप्रथम ब्रह्मारूप, मध्य में विष्णुरूप और अन्त में सदाशिव स्वरूप – इन तीनों स्वरूपों को धारण करने वाले दत्तात्रेय जी, आपको मेरा नमस्कार है।)

In the beginning is Brahma, in the middle is Vishnu, and at the end is God Sadashiv.
Your nature consist of these three Deities — Dattatreya, we bow to You.

भोगालयाय भोगाय योगयोग्याय धारिणे।
जितेन्द्रियजितज्ञाय दत्तात्रेय नमोऽस्तुते।।७।।

(समस्त सुख–भोगों के निधानस्वरूप, सभी योग्य व्यक्तियों में भी उत्कृष्ट योग्यतम रूप धारण करने वाले, जितेंद्रिय तथा जितेंद्रियों की ही जानकारी देने वाले दत्तात्रेय जी, आपको मेरा नमस्कार है।)

You are the abode of enjoyment, and enjoyment itself. You are the support of those qualified for *Yog*.
You are the master of the senses,

and the master of knowledge — Dattatreya, we bow to You.

दिगम्बराय दिव्याय दिव्यरूपध्राय च।
सदोदितपरब्रह्म दत्तात्रेय नमोऽस्तुते।।८।।

(सदा दिगम्बर वेषधारी, दिव्य मूर्ति और दिव्यस्वरूप धारण करने वाले, जिन्हें ही परब्रह्म परमात्मा का साक्षात्कार होता रहता है, ऐसे दत्तात्रेय जी, आपको मेरा नमस्कार है।)

Naked (sky-clad), Your form shines with divinity.
You are the eternal Supreme *Brahman* — Dattatreya, we bow to You.

जम्बुद्विपमहाक्षेत्रमातापुरनिवासिने।
जयमानसतां देव दत्तात्रेय नमोऽस्तुते।।९।।

(जम्बूद्वीप के विशाल क्षेत्र के अन्तर्गत मातापुर नामक स्थान में निवास करने वाले, संतों के बीच में सदा प्रतिष्ठा प्राप्त करने वाले दत्तात्रेय जी, आपको मेरा नमस्कार है।)

In Jambudvipa (India), in the great land (Maharashtra), Your abode is Matapur.
Having conquered the mind, You are Divinity Itself — Dattatreya, we bow to You.

भिक्षाटनं गृहे ग्रामे पात्रं हेममयं करे।
नानास्वादमयी भिक्षा
दत्तात्रेय नमोऽस्तुते।।१०।।

(हाथ में सुवर्णमय भिक्षापात्र लिए हुए, ग्राम–ग्राम और घर–घर में भिक्षाटन करने वाले तथा अनेक प्रकार के दिव्य स्वादयुक्त भिक्षा ग्रहण करने वाले दत्तात्रेय जी, आपको मेरा नमस्कार है।)

As a naked beggar You move between homes and villages with a golden bowl in Your hand,
collecting various delicious alms — Dattatreya, we bow to You.

ब्रह्मज्ञानमयी मुद्रा वस्त्रे चाकाशभूतले।
प्रज्ञानघनबोधाय दत्तात्रेय नमोऽस्तुते।।११।।

(ब्रह्मज्ञानयुक्त ज्ञानमुद्रा को धारण करने वाले और आकाश तथा पृथ्वी को ही वस्त्ररूप में धारण करने वाले, अत्यन्त ठोस ज्ञानयुक्त बोधमय विग्रह वाले दत्तात्रेय जी, आपको मेरा नमस्कार है।)

Full of the knowledge of *Brahman*, joyful and clothed in the element of space,
Your teachings reveal the highest wisdom — Dattatreya, we bow to You.

अवधूतसदानंदपरब्रह्मस्वरूपिणे।
विदेहदेहरूपाय दत्तात्रेय नमोऽस्तुते।।१२।।

(अवधूत वेष में सदा ब्रह्मानंद में निमग्न रहने वाले तथा परब्रह्म परमात्मा के ही स्वरूप, शरीर होने पर भी शरीर से ऊपर उठ कर जीवनमुक्तावस्था में स्थित रहने वाले दत्तात्रेय जी, आपको मेरा नमस्कार है।)

The *avadhuta*, ever-blissful, Your nature is the Supreme *Brahman*.
In the form of a body, without body consciousness — Dattatreya, we bow to You.

सत्यंरूपसदाचारसत्यधर्मपरायण।
सत्याश्रयपरोक्षाय दत्तात्रेय नमोऽस्तुते।।१३।।

(साक्षात् सत्य के रूप, सदाचार के मूर्तिमान स्वरूप और सत्य भाषण एवं धर्माचरण में लीन रहने वाले, सत्य के आश्रय और परोक्ष रूप में परमात्मा तथा दिखाई न पड़ने पर भी सर्वत्र व्याप्त दत्तात्रेय जी, आपको मेरा नमस्कार है।)

Your form is truth, Your conduct is pure, You follow the *dharma* of truth, and Your shelter is truth, supreme

and unending — Dattatreya, we bow to You.

शूलहस्तगदापाणे वनमालासुकन्धर।
यज्ञसूत्रधरब्रह्मन् दत्तात्रेय नमोऽस्तुते।।१४।।

(हाथ में शूल तथा गदा धारण किये हुए, वनमाला से सुशोभित कन्धों वाले, यज्ञोपवीत धारण किये हुए ब्राह्मणस्वरूप दत्तात्रेय जी, आपको मेरा नमस्कार है।)

You hold trident and mace and wear
a garland of forest flowers
and the sacrificial tread of a *Brahmin*
— Dattatreya, we bow to You.

क्षराक्षरस्वरूपाय परात्परतराय च।
दत्तमुक्तिपरस्तोत्र दत्तात्रेय नमोऽस्तुते।।१५।।

(क्षर (नश्वर विश्व) तथा अक्षर (अविनाशी परमात्मा) रूप में सर्वत्र व्याप्त, पर से भी परे, स्तोत्र–पाठ करने पर शीघ्र मोक्ष देने वाले दत्तात्रेय जी, आपको मेरा नमस्कार है।)

Your nature is both perishable and imperishable. You have gone beyond
even the transcendental reality.
Datta, liberated and beyond praise —
Dattatreya, we bow to You

दत्त विद्याढ्यलक्ष्मीश दत्त स्वात्मस्वरूपिणे।
गुणनिर्गुणरूपाय दत्तात्रेय नमोऽस्तुते।।१६।।

(सभी विद्याओं को प्रदान करने वाले, लक्ष्मी के स्वामी, प्रसन्न होकर आत्मस्वरूप को ही प्रदान करने वाले, त्रिगुणात्मक एवं गुणों से अतीत निर्गुण अवस्था में रहने वाले दत्तात्रेय जी, आपको मेरा नमस्कार है।)

Datta, endowed with wisdom and the Lord of wealth. Datta, whose nature
is the Self.
Your form is both with attributes and without attributes — Dattatreya, we bow to You.

शत्रुनाशकरं स्तोत्रं ज्ञानविज्ञानदायकम्।
सर्वपापं शमं याति दत्तात्रेय नमोऽस्तुते।।१७।।

(यह स्तोत्र वाह्य तथा आभ्यान्तर (काम, क्रोध, मोहादि) सभी शत्रुओं को नष्ट करने वाला, शास्त्रज्ञान तथा अनुभवजन्य अध्यात्मज्ञान – दोनों को प्रदान करने वाला है, इसका पाठ करने से सभी पाप तत्काल नष्ट हो जाते हैं, ऐसे इस स्तोत्र के आराध्य दत्तात्रेय जी, आपको मेरा नमस्कार है।)

This hymn destroys enemies,
bestows knowledge and wisdom,
and pacifies all sins — Dattatreya,
we bow to You

इदं स्तोत्रं महद्दिव्यं दत्तप्रत्यक्षकारकम्।
दत्तात्रेयप्रसादाच्च नारदेन प्रकीर्तितम्।।१८।।

(यह स्तोत्र बहुत दिव्य है, इसके पढ़ने से दत्तात्रेय जी का साक्षात् दर्शन होता है, दत्तात्रेय जी के अनुग्रह से ही शक्ति–सम्पन्न होकर नारद जी ने इसकी रचना की है।)

This great divine hymn grants direct
perception of reality.
I, Narad, composed it only by the
grace of Dattatreya.

।।इति श्रीनारदपुराणे नारदविरचितं
दत्तात्रेयस्तोत्रं सुसंपूर्णम्।।

इस प्रकार श्री नारद पुराण में निर्दिष्ट देवर्षि नारद जी द्वारा रचित स्तोत्र समाप्त हुआ।

As mentioned in the Shri Narad
Puran, as recited by Shri Narad,
thus Shri Dattatreya *Stotram* is
concluded.

प्रस्तुति :
डॉ. सुबोध अग्रवाल



श्री साईं बाबा संस्थान में दत्त जयंती उत्सव





* श्री दत्त जयंती के अवसर पर मंदिर पुजारी श्री उल्हास वाळुंजकर द्वारा दत्त–जन्मोत्सव कीर्तन –

* साईं भक्त श्रीमती रंजनी डांग द्वारा श्री साईं चरणों में अर्पित दान से समाधि मंदिर और लेंडीबाग में स्थित श्री दत्त मंदिर व परिसर में की गई आकर्षक फूलों की मनमोहक सजावट –

* श्री दत्त जयंती के अवसर पर श्री साईं बाबा समाधि मंदिर में संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री कान्हूराज बगाटे व उनकी पत्नी सौ. संगीता बगाटे और उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री रवींद्र ठाकरे व उनकी पत्नी सौ. वैशाली ठाकरे की उपस्थिति में श्री दत्त–जन्मोत्सव मनाया गया।

How Shirdi Sai Baba Transformed Dasganu Maharaj Into Narad Muni...

Persons who do *kirtans* (devotional singing, usually accompanied by musical instruments) during festivals are called *Haridas*.The

audience, who come to hear the *kirtans* have different tastes. Some like the erudition of the *Haridas*, some his gestures, some his singing, some his wit and humour, some his preliminary dissertation on *vedant*, and some others, his main stories and so on; but among them, there were very few, who by hearing the *kirtan* got faith and devotion or love for God or saints.

The effect of hearing Dasganu's *kirtan* on the minds of audience was, however, electric, as it were. Dasganu Maharaj, by his splendid *kirtans*, spread the fame of Shirdi Sai Baba in the Konkan (Bombay Presidency). In fact, it was Dasganu Maharaj - May God bless him - who, by his beautiful and inimitable *kirtans*, made Baba available to so many people there. (Shri Sai Satcharita, Chapter 15)

Of the two persons, whom Sai Baba deliberately sought early in His Dwarkamai at Shirdi, Dasganu was one; the other being Nanasaheb Chandorkar. These two gentle men were responsible for making Sai Baba a household name in Western Maharashtra, particularly in Bombay City and Thana, Kolaba and Ratnagiri districts. Dasganu as an itinerant minstrel and Nanasaheb Chandorkar as a revenue official on camp, in the far flung Taluka places, spread the name and fame of Sai Baba in the region referred to above.

There will be hardly a person amongst the devotees of Sai Baba, who has not heard the name and fame of Dasganu.



Before turning to *kirtankar*, he was a *Havaldar* in police. Whilst performing his *kirtans*, it was Dasganu's custom to exhibit

a portrait of Sai Baba on a pedestal before starting his *kirtan* and rapidly setting out his experiences of Baba and the miracles He worked, His service to the sick and ailing, and how be assuaged the agonies and miseries, and helped to solve the temporal and spiritual problems of all, who sought His help.

When Baba first met Dasganu, the latter was still in service in the police force of the then Bombay Presidency. His full name was Ganapat Dattatreya Sahasrabuddhe. He was a *tamasha* fan. After a good deal of persuasion, he left the police service, and joined Baba's band-wagon. The progress then became rapid. By Baba's grace and inspiration, he started writing metrical compositions. Amongst his compositions are (1) **Bhakta Leelamrut and Sant-Kathamrut** (life stories of modern saints), (2) **Ishavasya Bhavartha Bodhini** and (3) **Sai Stavanmanjari**.

Bhakta Leelamrut, cited above carries three full chapters depicting a glowing account of Sai Baba. **Sant-Kathamrut**, in its 57th Chapter, sets out in detail Baba's discourse on *dnyan* given to Nanasaheb Chandorkar on one occasion. It is a veritable mine of *Advait* philosophy. **Ishavasya Bhavartha Bodhini**, an elucidation of the substance of Isha Upanishad, was undertaken by Dasganu for the benefit of Marathi readers, at the instance of Sai Baba. He worked on it strenuously for a long time and had proceeded far into it, when doubts began to assail him. He discussed the matter with a few learned and scholarly persons with a view to resolve the doubts. Some of them were dispelled, but not all. A crucial doubt remained unresolved and Dasganu started smarting. At about this time, he happened to go to Shirdi. Sai Baba, jestingly, inquired about his well-being.

Dasganu bitterly flung back to say that at Sai Baba's instance, he had launched upon the translation of **Isha Upanishad**, but stumbled on the road, and his mind was uncertain, whether he had understood the real import or kernel of the Upanishad. Baba then asked him, what his difficulty was. Dasganu explained the difficulty and enthusiastically looked forward to Baba's assistance. Baba patiently told Dasganu that his doubt would be resolved by the maid-servant of Kaka Dixit at Vile Parle, when he would go there. And, true to Baba's words, whilst washing early morning Kaka's household utensils the maid-servant, of tender age, was heard singing a tune, which brought a wisp of fresh air, opening the portals of

Dasganu's befuddled mind, and the difficulty was resolved. (Shri Sai Satcharita, Chapter 20)

The point at stake was "how human happiness or sorrow arose". Did it depend on external environments or was it embedded in the human mind itself? The song sung by the maid-servant, who was seen to be dressed in tattered clothes, came out of the fullness of her heart. In other words, happiness or misery is a *vrutti* (modification) of the mind, and did not depend on the external conditions impinging on the mind. It is truly said that the "mind is its own place, and in itself can make a heaven of hell, a hell of heaven."

The other lesson, which Sai Baba wanted to bring home to Dasganu, was that wisdom was not confined to celebrities; it could as well come from an uncouth, illiterate person like the maid-servant, who was as much the hanwork of God as a socialized celebrity like Sai Baba Himself.

The seed of spiritual life was planted by Sai Baba in Dasganu and with Baba's blessings, it sprouted into a full-blown flower. Otherwise, service in the police department and his love of *tamasha*, an erotic dramatization of rural life, ran counter to the germination of spiritual growth. Sai Baba's blessings carried Dasganu on the crest of a wave of popularity, and he became a missionary to spread Sai Baba's message amongst the masses, who were steeped in ignorance, intolerance, superstitions and all sorts of preconceived ideas of life.

Sai Baba assigned to Dasganu the fourth Ramnavami celebrations at Shirdi. The first three celebrations had been carried out without the participation of Dasganu. The fourth and all subsequent celebrations, till His demise, were the handiwork of Dasganu.

Kirtankars, in Maharashtra, usually

wear a *dhoti* up to the knees, with a waist coat or shirt and a turban.

Once, while powering himself up to set out for *kirtan*, Dasganu Maharaj dressed up in taste, and placed a glittering turban on his head. Just prior to his leaving Shirdi for Thane for performing *kirtan*, he came to the Dwarkamai-*Masjid* to seek Baba's permission. (Thane is a city in the Indian state of Maharashtra, situated in the Konkan division. It is a part of the Mumbai Metropolitan Region.)

Sai looked at him with His quizzing eyes, wondering what prompted him to dress up like a bridegroom. Baba asked him, why he came dressed in that fashion. Then, Baba asked him to shun this spectacular display of pomp and pageantry by removing all the paraphernalia, including the turban that rested proudly on his head.

Dasganu immediately withdrew the entire kit of pompous garments - the coat, the *uparani* (*Uparani* is the name for the traditional upper *dhotar*. *Dhotar* is the Marathi term for *dhoti*.), and the *pheta* (*Pheta* is the Marathi name for the traditional turban worn in Maharashtra), and placed them at Baba's feet. (Shri Sai Satcharita, Chapter 15)

Sai Baba, simultaneously, reminded him of the tradition of Narad Muni, who strolled the three worlds for his *sankirtans* bare-bodied, only in a loin cloth. The sage Narad, the celestial *kirtankar* - from whom the *kirtan paddhati* originated, wore nothing on his upper body and head. He carried a *'veena'* in his hand and wandered from place to place, singing the glory of the Lord. (Veena is a classical instrument basically a plucked stringed instrument.).

Ever afterwards, in all weather, Dasganu performed his *kirtans* bare-bodied. He was always bare from his waist up, with a pair of *'chiplis'* in his hand, and a garland around his neck.

Sai Baba's advice stuck to him through his lifetime. Baba gave Dasganu great wisdom and ability to grasp the essence of His message.

Thus, **Shirdi Sai Baba transformed Dasganu Maharaj into Narad Muni**.

What a transformation!

– Dr. Subodh Agarwal
'Shirdi Sai Dham',
29, Tilak Road, Dehra Dun - 248 001,
Uttarakhand.
Mobile : **(0)9897202810**
E-mail : **subodhagarwal27@gmail.com**

शिर्डी साईं बाबा – श्री साईंनाथ नाम क्यों ?

साईं का अर्थ है – स्वामी, मालिक, ईश्वर, आत्मा, तथा नाथ का अर्थ प्रभु रक्षक से है। गोरख पंथी साधुओं के नाम के पीछे नाथ लगा रहता है, तथा यह गोरख पंथी साधुओं की उपाधि भी है। नाथ सम्प्रदाय एक पारमार्थिक पंथ है। मध्य युग में उत्पन्न इस सम्प्रदाय में बौद्ध, शैव तथा योग की परम्पराओं का समन्वय मिलता है। शिव इस सम्प्रदाय के प्रथम गुरु एवं आराध्य हैं और इस पंथ के लोगों को शिव का वंशज माना जाता है।

नाथ सम्प्रदाय के अधिकतर सदस्यों का मानना है कि भगवान् दत्तात्रेय त्रिमूर्ति ब्रह्मा, विष्णु, महेश के अवतार थे। गुरुदत्त को भगवान् दत्तात्रेय के नाम से जाना जाता है। भगवान् दत्तात्रेय में ब्रह्मा, विष्णु, महेश, जो क्रमशः उत्पत्ति, स्थिति और संहारकर्ता हैं, का समावेश है। भगवान् दत्तात्रेय में ब्रह्मांड की महान अद्वितीय अलौकिक दिव्य शक्तियों का समावेश होने के कारण उन्हें संतों के रूप में उच्च सम्मान दिया जाता है।



आध्यात्मिक ज्ञान की उपलब्धि सद्गुरू की अनुकम्पा से प्राप्त होती है तथा वे मनुष्य को सत् मार्ग पर चलना सिखाते हैं; इसलिए जीवन में सद्गुरू का विशेष महत्व है। सद्गुरू श्री साईं बाबा दत्तात्रेय अवतार हैं तथा उनकी पूजा भगवान् दत्तात्रेय के रूप में की जाती है।

इस प्रकार से कहा जा सकता है कि साईं हमारे स्वामी हैं, मालिक हैं, ईश्वर हैं और हमारी आत्मा है। साईं के साथ नाथ लगा देने पर सृष्टि के पालनहार शिव का नाम जुड़ जाता है और दत्तात्रेय का अवतारी होने पर उनमें ब्रह्मा, विष्णु, महेश की शक्तियाँ निहित हो जाती हैं तथा जब हम शिर्डी के साईं बाबा को श्री साईं नाथ कह कर स्मरण करते हैं, तो वे हमारे स्वामी, मालिक, ईश्वर, आत्मा और रक्षक बन कर हमारी पग-पग पर मदद करके हमारी कठिन जीवन नैय्या को सरलता से पार कर देते हैं।

श्री साईंनाथ (श्री साईं बाबा) कौन थे और उनका जन्म कहाँ हुआ, ये ऐसे प्रश्न हैं, जिनका जवाब किसी के पास नहीं है। उन्होंने अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा एक पुरानी मस्जिद में बिताया, जिसे वे द्वारकामाई कहा करते थे। वे सिर पर सफ़ेद कपड़ा बाँधे हुए फ़क़ीर के रूप में द्वारकामाई में धूनी रमाए रहते थे।

इनके इस रूप के कारण कुछ लोग उन्हें मुस्लिम मानते थे। जबकि द्वारिका के प्रति श्रद्धा और प्रेम के कारण कुछ लोग उन्हें हिंदू मानते थे। लेकिन, श्री साईं बाबा ने दिखा दिया था, उनकी ना कोई जाति है, और ना कोई धर्म।

श्री साईंनाथ ने हिंदू हो या मुसलमान सभी के प्रति समान भाव रखा और कभी भी इस बात का उल्लेख नहीं किया कि वह किस जाति के हैं या धर्म के। उन्होंने हमेशा

मानवता, प्रेम और दयालुता को अपना धर्म माना तथा उनके सान्निध्य में जो भी आया, उसे बिना किसी भेदभाव के उनकी कृपा प्राप्त हुई। उनके इसी सद्व्यवहार ने उन्हें श्री साईंनाथ बना दिया। हालांकि उनका यह नाम कैसे पड़ा, इसकी एक रोचक कथा है।

श्री साईं बाबा लगभग सन् १८५४ ईसवी में पहली बार शिर्डी में दिखाई दिये। उस समय उनकी उम्र क़रीबन सोलह साल की थी। शिर्डी के लोगों ने उन्हें पहली बार एक नीम के वृक्ष के नीचे समाधि में लीन देखा। उन्हें कम उम्र में सर्दी–गर्मी, भूख–प्यास की ज़रा सी भी चिंता किये बगैर कठिन तपस्या करते हुए देख कर लोगों को बड़ा आश्चर्य हुआ। त्याग और वैराग्य की मूर्ति बने साईं ने धीरे–धीरे गाँव वालों का मन मोह लिया। वे कुछ समय शिर्डी में रह कर एक दिन किसी से कुछ कहे बिना अचानक वहाँ से चले गये। वे कुछ सालों के बाद लगभग वर्ष १८५८ ईसवी में चाँद पाटिल की पत्नी के भतीजे की बारात के साथ युवा फ़क़ीर के रूप में शिर्डी आये, तो भगवान् खंडोबा मंदिर के पुजारी पंडित म्हालसापति ने उन्हें बैलगाड़ी से बारातियों के साथ उतरते समय उनके तेजस्व को देख कर उनका ''आओ साईं'' कह कर सम्बोधन करते हुए स्वागत किया, और इसके पश्चात् ही वे 'साईं' नाम से प्रसिद्ध हुए।

धार्मिक ग्रन्थों में नाथ का अर्थ बताया है कि जो सांसारिक किसी भी विषय में रुचि न रखने वाला तथा केवल मोक्ष की प्राप्ति ही जिसका विषय है।

जो अनाथों की सहायता करते हैं उन्हें नाथ कहते हैं। साईं ने तो कई लोगों की सहायता की, उनकी रक्षा की, बच्चों की तरह देखभाल की। इसलिए वे साईंनाथ हो गये, साईं बाबा हो गये।

श्री साईंनाथ को शिर्डी के कुछ लोग शुरू में पागल समझते थे; लेकिन धीरे–धीरे उनकी दिव्य शक्ति और गुणों को जानने के बाद भक्तों की संख्या निरंतर बढ़ती गई। वे शिर्डी के केवल पाँच परिवारों से रोज़ दिन में दो बार भिक्षा माँगते थे तथा टीन के बर्तन में तरल पदार्थ और कंधे पर टंगे हुए कपड़े की झोली में रोटी और ठोस पदार्थ इकट्ठा किया करते थे। सभी सामग्रियों को वे द्वारकामाई में लाकर मिट्टी के बड़े बर्तन में मिला कर रख देते थे। कुत्ते, बिल्लियाँ, चिड़ियाँ नि:संकोच आकर खाने के कुछ अंश खा लेते थे। फिर श्री साईंनाथ बची हुई भिक्षा

को भक्तों के साथ मिल–बाँट कर खाते थे। उन्होंने अपने जीवन काल में अनेकों ऐसी लीलाएँ एवं चमत्कार दिखायें, जिससे लोगों ने उनमें ईश्वर का साक्षात् रूप महसूस किया। इन्हीं चमत्कारों ने उन्हें ईश्वर का अवतार – श्री साईंनाथ बना दिया।

श्री साईंनाथ का जन्म कब और कहाँ हुआ, इसका किसी दस्तावेज़ से प्रामाणिक पता नहीं चलता तथा उनके माता–पिता कौन थे, जन्म तिथि एवं स्थान की तरह उनके माता–पिता के बारे में भी प्रामाणिक रूप से कुछ भी ज्ञात नहीं है तथा स्वयं भी उन्होंने इस बारे में कभी कुछ नहीं बताया।

श्री साईंनाथ महाराज ने सभी धर्मों की एकता पर बल दिया और विभिन्न धर्मावलंबियों को अपने आश्रय में स्थान दिया। उनके अनुयायी हिंदू और मुसलमान दोनों भी हैं। उनके आश्रय स्थल में हिंदूओं और मुसलमानों के विभिन्न धार्मिक पर्व मनाये जाते। उन्होंने हिंदू धर्म–ग्रन्थों के अध्ययन को भी प्रश्रय दिया। उस समय देश के कई प्रदेशों में हिंदू–मुस्लिम द्वेष व्याप्त था, परन्तु उनका हमेशा यही संदेश रहा : ''राम और रहीम दोनों एक ही हैं और उनमें किंचित् मात्र भी भेद नहीं है। फिर तुम उनके अनुयायी होकर क्यों परस्पर झगड़ते हो। अज्ञानी लोगों में एकता साध कर दोनों जातियों को मिलजुल कर रहना चाहिए।''

श्रद्धालुओं का अनुभव है कि श्री साईंनाथ महाराज के श्री–चरणों में पहुँचने पर ईश्वर के प्रति सच्ची भक्ति प्राप्त होती है और यह मालूम होता है कि मानव जीवन क्या है तथा इस जीवन को कैसे कामयाब एवं सार्थक बनाना चाहिए। मनुष्य को मायायुक्त संसार को पार करने के लिए सद्गुरू श्री साईंनाथ महाराज को सच्ची निष्ठा से अपने हृदय में धारण करना चाहिए। जैसी जिसकी भक्ति होती है, वैसा ही निरंतर अनुभव भी प्राप्त होता है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए उसे अपने चित्त में जरा सा भी संदेह नहीं रखना चाहिए और भक्ति भाव को दृढ़ता के साथ चित्त में धारण करके सच्चे हृदय से सद्गुरू श्री साईंनाथ महाराज का नियमित रूप से पूजन व उनके नाम का सुमिरन करके उनके अनुभवों को प्राप्त करना चाहिए।

– सुरेश चन्द्र
२०/२९, लोदी कालोनी,
नई दिल्ली - ११० ००३.
ई-मेल : sureshchandra1962@gmail.com
दूरभाष : (०११)२४६४००४६
संचार ध्वनि : (०)९८१८६३९००२



औदुंबर तले दत्तगुरु के दर्शन हुए!

स्थान – महाराष्ट्र में नया पनवेल। गाँव – सुकापूर। भगत वाड़ी। ... विशाल गूलर का वृक्ष। इस औदुंबर वृक्ष के तले विराजित दत्तगुरु। पास ही भगवान् शिवशंकर। दूसरी तरफ़ गणाधिपति श्री गणेश। वहीं से नज़दीक कलियुगी अवतार, सगुण ब्रह्म साचार प्रकट हुए स्वामी दत्तदिगंबर, मनलुभावन, ''भार तुम्हारा मैं वहन करूँगा'' ऐसा आशीर्वचन देने वाले श्री साईंनाथ की हास्य विलसित मूर्ति।

नया पनवेल में सुकापूर गाँव के भूतपूर्व सरपंच श्री दत्तात्रेय भगत जी की प्रशस्त वास्तु में श्री दत्त, श्री शंकर, श्री गणेश और श्री साईं बाबा का मंदिर बना हुआ है। औदुंबर वृक्ष के तले दत्त मूर्ति का विराजमान होना, यानि स्वयं दत्तगुरु का वहाँ निवास, माना जाता है।

हिरण्यकश्यप का संहार करने हेतु श्री विष्णु ने नरसिंह का अवतार धारण किया। इस अवतार ने औदुंबर वृक्ष से निकल कर हिरण्यकश्यप का वध किया और अपने लाड़ले भक्त प्रल्हाद की रक्षा कर उसे राजसिंहासन पर विराजमान किया। जिस खम्बे से नरसिंह प्रकट हुए उस खम्बे पर छोटे-छोटे पत्ते निकले... और देखते-देखते वहाँ विशाल वृक्ष स्थापित हुआ। भक्त प्रल्हाद तहे दिल से उस वृक्ष की पूजा-अर्चना करने लगा। एक बार उसे उस औदुंबर वृक्ष के तले ध्यानावस्था में श्री दत्तगुरु ने दर्शन दिये और उसे ज्ञानबोध किया। भक्त प्रल्हाद की असीम भक्ति देख कर श्री दत्तात्रेय ने उसे दीनजनों के उद्धार के लिए कलियुग में यतिवेष धारण कर अवतार लेने का आशीर्वाद दिया। उसी समय औदुंबर वृक्ष ने मनुष्याकृति धारण कर श्री दत्तगुरु के चरण-कमलों पर नतमस्तक होकर उसे भी वर देने की प्रार्थना की। तब श्री दत्तगुरु ने कहा,

''हर एक औदुंबर वृक्ष के तले मैं सूक्ष्म रूप में निवास करूँगा। तुम्हारे शरीर से नरसिंह प्रकट हुए, अत: कलियुग में मैं नृसिंह सरस्वती नाम धारण कर अवतार लूँगा। यह मेरा तुम्हें आश्वासन है।''

इस औदुंबर वृक्ष को कल्पवृक्ष के नाम से भी जाना जाता है। उससे एक कथा जुड़ी हुई है।...

हिरण्यकश्यप को मारते समय नरसिंह ने उसे अपनी गोदी में लेकर उसका पेट फाड़ कर वध किया था। उस समय नरसिंह के नाख़ून हिरण्यकश्यप के पेट में घूस गये, तब हिरण्यकश्यप के पेट का कालकूट जहर नरसिंह के नाख़ूनों में भर गया। जहर के कारण नरसिंह के नाख़ूनों में जलन होने लगी। नरसिंह की यह अवस्था देख कर माता महालक्ष्मी ने पास के औदुंबर के पके हुए फल लाये और नरसिंह को उन फलों में नाख़ून डालने के लिए कहा। ऐसा करते ही नाख़ूनों में होने वाला दाह कम हो गया। रौद्र रूपी नरसिंह शांत हो गये और अपने मूल विष्णु रूप में प्रकट हुए।

उस समय शीतलता के लिए।
नाख़ूनों को मिला सहारा औदुंबर का।
विषाग्नि हुआ शांत सारा।
शांत हुए रौद्र नरसिंह।।

लक्ष्मी माता के उपाय से श्री विष्णु माता लक्ष्मी और औदुंबर पर प्रसन्न हुए और उन्होंने आशीर्वाद दिया कि ''हे औदुंबर वृक्ष, तुम सदैव फलों से लदे रहोगे,

कल्पवृक्ष नाम से जाने जाओगे। जो कोई तुम्हारी तहे दिल से पूजा करेगा, उसकी सारी मनोकामनाएँ पूर्ण हो जायेंगी।'' इसलिए औदुंबर को भूतल का कल्पवृक्ष कहते हैं। इस वृक्ष का माहात्म्य श्री गुरुचरित्र में वर्णित है।

भारत में सर्वत्र यह महावृक्ष दिखाई देता है। ऐसा माना जाता है कि इस वृक्ष के आसपास की ज़मीन में पानी मिलता है। ऐसे कल्पतरु रूपी औदुंबर में अद्‌भुत दैवी गुणों के साथ-साथ औषधी गुण भी बहुत हैं।...

इस वृक्ष के छिलकों का अर्क़ निकाल कर उसे ठंडा कर उसमें मिश्री व इलायची मिला कर शरबत बना सकते हैं। कैंसर हुए व्यक्ति पर जब कीमोथेरपी का उपचार किया जाता है तब उस व्यक्ति के शरीर में बहुत दाह होता है। ऐसे समय वह व्यक्ति अगर यह शरबत दिन में तीन बार सेवन करेगा, तो उसका दाह कम करने में मदद होती है।

अतिसार होकर यदि ख़ून निकलने लगा, तो इस वृक्ष के छिलकों का काढ़ा बना कर पीना चाहिए।

इस वृक्ष के छिलकों से जख़्म धोने पर जख़्म जल्दी भर जाती है।

हिचकी अगर रुकती नहीं होगी, तो इस वृक्ष के फल के रस का सेवन गुणकारी होता है।

पाण्डु रोग में गूलर के पके हुए आधे पत्ते को खाने की पान-पट्‌टी में मिला कर खाने से राहत मिलती है।

ऐसा यह औदुंबर वृक्ष बहुगुणा है। ऐसे औदुंबर के तले श्री दत्तगुरु निवास करते हैं। ऐसा स्वयं श्री दत्तगुरु ने कह रखा है। ''मैं औदुंबर तले हमेशा वास कर रहूँगा। जब कभी मेरी याद आयेगी और मुझसे मिलने की इच्छा तीव्र होगी, तब तुम औदुंबर के पास आना, तुम्हे यहाँ मेरे दर्शन होंगे, तुम्हें सुकून मिलेगा।''...

नया पनवेल में सुकापूर गाँव में, भगत वाड़ी में श्री दत्तात्रेय भगत जी की वास्तु में औदुंबर तले श्री दत्तात्रेय की रमणीय मूर्ति है। लगभग आठ-दस साल पहले भगत जी ने इस मंदिर का निर्माण किया। भगत जी की ईश्वर पर असीम श्रद्‌धा है। उनका कुलदैवत खण्डोबा है। श्री साईं बाबा उनके अवतार काल में हमेशा कहते थे कि हमें अपने कुलदैवत की पूजा-अर्चना अवश्य करनी चाहिए। बाबा के इस कथन के अनुसार भगत जी अपने कुलदैवत की पूजा बड़ी लगन से करते हैं। पनवेल के आगे शिरढोण गाँव में स्थित खण्डोबा मंदिर के निर्माण में भगत जी का योगदान सराहनीय है। मनोर में उनके भाई ने श्री साईं बाबा के मंदिर का निर्माण किया है।

इस बारे में भगत जी की पत्नी श्रीमती अरूणा ने बताया कि उनके यहाँ एक व्यक्ति भाड़े से रहता था। कुछ दिन पश्चात् वह वहाँ से चला गया। उसके वहाँ से जाने के बाद श्रीमती अरूणा उस क़मरे की साफ़-सफ़ाई करने गईं, तब उन्हें वहाँ भगवान् शिव जी की मूर्ति दिखाई दी। वे अचरज में पड़ गईं। उन्होंने वह मूर्ति उनके घर के सामने स्थित औदुंबर वृक्ष के नीचे रखी।...

औदुंबर वृक्ष विशाल होने के कारण उसकी शाखाएँ सीधी नहीं थीं। वे टेढ़ी-मेढ़ी शाखाएँ काटने का भगत जी ने विचार किया। उसके लिए एक लकड़हारे को बुलाया गया। उस लकड़हारे ने एक शाखा तोड़ते ही, उसमें से पानी बहने लगा। यह दृश्य देख कर श्रीमती अरूणा की आँखें भर आईं। उनका दिल दु:खी हो गया। उन्होंने अपने पति से कहा कि वृक्ष जैसा है वैसा ही रहने दो। तद्‌नुसार वृक्ष को यथातथ रखा गया।...

